पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राजभवन में जनजातीय समूह प्रतिनिधियों को दिए वनाधिकार प्रपत्र

———————

राज्यपाल ने कार्यक्रम में राष्ट्रपति का स्वागत किया

———————

लखनऊः 13 फरवरी, 2023

राजभवन के गाँधी सभागर में आज भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने 'बुक्सा' जनजातीय समूह के प्रतिनिधियों को वनाधिकार पट्टा अभिलेख प्रपत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपति महोदया को स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपति महोदया ने जनजातीय समूह को संवाद के लिए बुलाने को औचित्य को बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की लगभग 25 करोड़ जनता में जनजातीय समूहों को विकास की सर्वाधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज पीछे न रह जाये सभी आगे बढ़ें, कोई भी बच्चा अनपढ़ न रहे।

राष्ट्रपति जी ने प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समूहों के विकास हेतु किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने जनजातियों के विकास के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने समारोह में आये 'बुक्सा' जनजातीय समूह के प्रतिभागियों को विकास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सबके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सभी के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। बेटा हो बेटी—सभी पढ़ें। उन्होंने शिक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई व्यवस्थाओं का

उल्लेख करते हुए छात्रावासों की उपलब्धता और विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान करने की चर्चा की। राष्ट्रपति जी ने जनजातीय समूहों को नयी तकनीक से जोड़ने, सरकार की आवास योजनाओं के तहत आवास प्रदान करवाने, जनजातीय क्षेत्रों के निकट विद्यालयों को बनवाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

माननीय राष्ट्रपति जी ने जनजातीय समूहों के विकास के लिए प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा किए जा रहे कार्यों की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल जी ने गाँवों को गोद लेने का कार्यक्रम चलाकर इस क्षेत्र में विकास के लिए बड़ा कार्य किया है।

कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों से राष्ट्रपति महोदया ने संवाद कर विकास कार्यों और आवश्यकताओं की जानकारी ली और आवश्यकताओं की पूर्ति का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में 'बुक्सा' जनजातीय विकास हेतु चलायी जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों पर निर्मित एक डाक्यूमेंट्री का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के साथ प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, श्री असीम अरूण तथा राज्यमंत्री श्री संजीव कुमार गोंड ने राष्ट्रपति जी को जनजातीय हस्तशिल्प निर्मित सामग्री भेंट की। राष्ट्रपति जी के सौजन्य से सभी जनजातीय प्रतिभागियों को अंगवस्त्र भेंट प्रदान की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जनजातीय समूह के प्रतिभागियों के साथ प्रमुख सचिव राज्यपाल श्रीमती कल्पना अवस्थी, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ0 हरिओम, सचिव श्री समीर वर्मा, निदेशक तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9453005360

The President

आरक्षित